O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test 1(Round-2) Set B (2024 – 2025)

Class / Section: XII **MM: 20**

Subject: Hindi **Time: 1:00 Hr**

Name: .---------- Roll No.:_____

सामान्य निर्देशः **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

प्र01. निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए। (1 x 5 = 5)

सोचिए

बताइए

आपको अपाहिज होकर कैसा लगता है

कैसा

यानी कैसा लगता है

(हम खुद इशारे से बताएंगे कि क्या ऐसा?)

सोचिए

बताइए

थोड़ी कोशिश करिए

(यह अवसर खो देंगे?)

आप जानते हैं कि कार्यक्रम रोचक बनाने के वास्ते

हम पूछ-पूछकर उसको रुला देंगे

इंतजार करते हैं आप भी उसके रो पड़ने का

करते हैं?

(यह प्रश्न पूछा नहीं जाएगा)

(क) अलंकार की दृष्टि से कौन–सा विकल्प सही है ?

(i) अपाहिज होकर – उत्प्रेक्षा अलंकार (ii) कैसा लगता है – पुनरुक्ति अलंकार

(iii) रोचक बनाने के वास्ते –उपमा अलंकार (iv) पूछ–पूछकर – अनुप्रास अलंकार

(ख) हम पूछ-पूछकर रुला देंगे पंक्ति में कौन-सा भाव निहित है ?

(i) सामाजिक न्याय का (ii) क्रूरता का

(iii) दुःख एवं संवेदनशीलता का (iv) मानवीय करुणा का

(ग) किसी के दुःख का प्रदर्शन करके कार्यक्रम को रोचक बनाना क्या है?

(i) समय की माँग (ii) मानवता के विरुद्ध

(iii) अनिदनीय कार्य (iv) दुःख की अभिव्यक्ति

(घ) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) दूरदर्शन पर दर्शक उस अपंग व्यक्ति के रोने का इंतजार करते हैं।

कारण (R) दर्शक भी दूरदर्शन पर अपंग व्यक्ति के दुःख-दर्द को उसके मुख से सुनना चाहते हैं।

कूट

(i) कथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है

(ii) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है, लेकिन कारण (A) कथन (R) की सही व्याख्या नहीं करता है

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) को सही व्याख्या करता है

(ङ) अपाहिज व्यक्ति को बार-बार अपना दुःख बताने के लिए मजबूर करने के पीछे दूरदर्शन वालों का क्या उद्देश्य हो सकता है ?

(i) अपाहिज के प्रति संवेदनशीलता होना (ii) अपाहिज की स्थिति में सुधार हेतु प्रयास करना

(iii) अपने कार्यक्रम को व्यावसायिक रूप से सफल बनाना (iv) ये सभी

प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3 x 2 = 6)

क लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं, यही ढोल है ?

ख 'पहलवान की ढोलक' कहानी के किस–किस मोड़ पर लुट्टन के जीवन में क्या–क्या परिवर्तन आए ? लिखिए।

ग पहलवान की ढोलक ' पाठ में राजा के द्वारा 'लुट्टन सिंह' पुकारे जाने पर किस–किसने आपत्ति की और क्यों ? तब राजा ने क्या किया ?

प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2 x 2 = 4)

क पत्रकारीय लेखन से आप क्या समझते हैं ? पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

ख एक पत्रकार के लेखन की भाषा–शैली कैसी होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए।

ग समचार के विभिन्न तत्वों में से किन्हीं दो तत्वों पर विचार व्यक्त कीजिए।

प्र04 जूझ कहानी प्रतिकूल परिस्थितियों से संघर्ष की प्रेरक कथा है। इस कथन की सोदाहरण समीक्षा कीजिए। (5)

अथवा

स्वयं कविता रच लेने का आत्मविश्वास लेखक के मन में कैसे पैदा हुआ ? 'जूझ' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।